दिन– सोमवार  दिनांक– 26 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधिः– 10 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर आतंक के आकाओं को दी खुली चेतावनी। कहा– भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करने वाले को करारा जबाव मिलेगा।

02. केन्द्र सरकार ने कहा–आम लोगों की परेशानी को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर लैंड कस्टम जल्द चालू किया जायेगा।

03. पटना में कोरोना के संदिग्ध मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट। राज्य सरकार की लोगों से अपील–घबराएं नहीं।

04. और, राज्य में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान टेररिज्म को टूरिज्म मानता है। श्री मोदी ने गुजरात के भुज में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंक के आकाओं को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जो कोई भी भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करेगा उसे करारा जबाव मिलेगा।

–––बाइट–––

इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है बल्कि भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की एक अभिव्यक्ति है।

–––बाइट–––

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। यह हम भारतीयों के संस्कारों हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है, आतंक फैलाने वालों को सपने में भी सोचा नहीं होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय की मांग यह है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक हर चीज देश में निर्मित होनी चाहिए।

---बाइट---

आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी– जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वह हम भारत में ही बनाएं यह आज के समय की मांग है।

श्री मोदी ने कहा कि स्मार्ट फोन से लेकर खिलौने, गाड़िया और अस्त्र–शस्त्र तक आज भारत बना रहा है और दुनिया के देशों को निर्यात भी कर रहा है।

---बाइट---

श्री मोदी ने दाहोद की जनसभा में ही स्वयं के पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौदह में करोड़ों भारतीयों के आशीर्वाद से मैं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधान सेवक चुने गए थे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था। एक रिपोर्ट –

---बाइट---

देश की जनता से मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के 14 में प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में शपथ ली। ***मैं नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता का अक्षुण्ण रखूंगा।*** करोड़ों देशवासियों के सपने उनकी आशा और आकाक्षाओं की किरण बनकर उभरे श्री मोदी ने अपने मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के साथ–साथ विकास उन्मुख पहल के लिए विश्व भर में एक नई पहचान बनाई। विकास के प्रति समर्पण और देश के गरीब और आम लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव से जुड़े श्री मोदी के व्यापक अभियान ने उन्हें लोकप्रियता की बुलंदी पर पहुंचा दिया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ उन्होंने देश में विकास आधारित राजनीति की नई इबारत लिखी है। बीते 11 वर्षों में देश ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं जिससे भारतवासियों के अंदर आत्मविश्वास की नई लहर चल रही है आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे की मजबूती अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण, रोजगार सृजन मजबूत सुरक्षा से लेकर विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद से श्री मोदी के नेतृत्व की नई छाप दिखती है। नीतिगत निष्क्रियता की विरासत को पीछे छोड़ते हुए भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब श्री मोदी के मजबूत नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

---

पटना में कोविड के दो संदिग्ध मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज कोविड नाइनटीन संक्रमन की मौजुदा स्थिति और इससे निपटने की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि नए वैरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के आईजीआईएमएस समेत विभिन्न अस्पतालों में लोगों को मास्क पहनने, सुरक्षित दुरी बनाने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का भी हिदायत दी जा रही है।

---

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार चौधरी ने कहा है कि भारत–नेपाल सीमा पर बड़ी भंसाल चालू करने में आ रही बाधाओं को दूर कर लैंड कस्टम शीघ्र ही चालू किया जायेगा। श्री चौधरी पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में कस्टम अधिकारियो के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नेपाल की तरफ कस्टम कार्यालय में टेस्टिंग लैब अभी तक नही लग पाया है। इस कारण से लैंड कस्टम का काम चालू नही हो सका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी कर्मियों को दूर कर लिया जायेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर पद पर चयनित पच्चीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पटना के एल. एन मिश्र संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षामंत्री सुनील कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ आज पूरा विश्व एकजुट है। मध्य प्रदेश में नरसिंहपुर में कृषि उद्योग सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को अपने सशस्त्रबलों की बहादुरी पर गर्व है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये आतंकवादियों को कड़ा सबक मिला है।

———बाइट———

आज पूरा देश राष्ट्र भावना से ओत–प्रोत है, राष्ट्र को समर्पित है, आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहलगाम का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से लिया, उसका लोहा दुनिया ने माना है।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को दुनिया के सामने रखने के लिए भारत का सात अलग–अलग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्ववाला प्रतिनिधिमंडल फ्रांस पहुंचा। श्री प्रसाद ने कहा है कि आतंकवाद किसी कीमन पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भारत की यही सोच वे दुनिया के सामने रख रहे हैं।

———बाइट———

इधर, जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया में है। प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया की नेशनल एसेंबली की राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष सुंग इल जोंग से मुलाकात की। संजय झा ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई का समर्थन किया है।

---

भाजपा नेता और राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री के पटना आगमन को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। उन्होंने बताया कि पटना में होने वाले रोड शो के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है।

———बाइट———

---

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबर्दस्त सफलता के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर

चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

1933 में उत्तरप्रदेश के गाजीपुर में जन्मे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद दिसम्बर 1954 में 4 ग्रेनेडियर्स में भर्ती हुए थे। 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान, 4 ग्रेनेडियर्स ने खेम करण–भिखीविंड मार्ग पर चीमा गांव के पास एक महत्वपूर्ण स्थान पर कब्जा किया। इस स्थान पर कब्ज़ा करना समग्र रक्षा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण था। 8 सितंबर की रात पाकिस्तानी सेना ने ग्रेनेडियर्स के ठिकानों पर कई हमले किए लेकिन इन हमलों में दुश्मन को खदेड़ दिया गया। 10 सितंबर की सुबह भीषण गोलाबारी के साथ–साथ पाकिस्तानी पैटन टैंकों की एक रेजिमेंट ने बड़ा हमला किया। इस हमले से बटालियन के क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा। उसी सुबह 9 बजे तक, दुश्मन के टैंक अग्रिम ठिकानों पर पहुंच गए थे। इस महत्वपूर्ण क्षण में, एक रिकॉइललेस गन की कमान संभाल रहे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद ने तेजी से कार्रवाई की। वह भारी गोलाबारी के बीच अपनी बंदूक को जीप पर चढ़ाकर एक तरफ गए और बड़ी ही सटीकता के साथ, उन्होंने दुश्मन के मुख्य टैंक को नष्ट कर दिया और टैंक को नष्ट करने के लिए उन्होंने अपना स्थान बदला। मशीन गन और शेल फायर के निशाने पर होने के बावजूद, उन्होंने दुश्मन से लगातार मुठभेड़ जारी रखी। इस गोलाबारी के बीच एक अन्य टैंक को नष्ट करने का प्रयास करते समय एक उच्च्च विस्फोटक शैल से वे घातक रूप से घायल हो गए। कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की निडरता और दृढ़ साहस ने उनके साथियों को प्रेरित किया और दुश्मन को आगे बढने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई बांका और भागलपुर में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर आतंक के आकाओं को दी खुली चेतावनी। कहा– भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करने वाले को करारा जबाव मिलेगा।

02. केन्द्र सरकार ने कहा–आम लोगों की परेशानी को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर लैंड कस्टम जल्द चालू किया जायेगा।

03. पटना में कोरोना के संदिग्ध मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट। राज्य सरकार की लोगों से अपील–घबराएं नहीं।

04. और, राज्य में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त